प्रभात खबर
जमशेदपुर, मंगलवार
24.06.2025 | 02

# हर जिले में होगा मेडिकल कॉलेज : गिरिराज सिंह

- नेताजी सुभाष विवि के दीक्षांत में 120 छात्रों को मिला गोल्ड मेडल
- केंद्रीय मंत्री बोले- हर हफ़्ते खुल रहा नया विश्वविद्यालय

जमशेदपुर, आदित्यपुर/हिटी। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना करेगी। इस दिशा में पहल की जा चुकी है। आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज में भी जल्द ही 200 सीटें उपलब्ध होंगी। वे यहां पोखरी स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सिर्फ सीटें ही नहीं बढ़ रहीं, बल्कि हर हफ्ते देश में एक नया विश्वविद्यालय खुल रहा है। 2014 के पहले देश में 723 विश्वविद्यालय थे, जो बढ़कर 1300 हो गए। उन्होंने नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी से पासआउट हुए छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की। 120 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया। इस दौरान विवि की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र रोजगार करने वाला बनने तक सीमित रहने के बजाय दूसरों को रोजगार देने वाला बने। उन्होंने छात्र-छात्राओं को "आई कैन- आई विल के फार्मूले पर जीवन में आगे बढ़ाने की सलाह दी। मौके पर विवि के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह, ओडिशा की शैक्षणिक सलाहकार एवं कोल्हान विवि की पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला मोहंती, एनएसयू के कुलपति डॉ प्रभात कुमार पाणी, कुलसचिव नागेंद्र सिंह मौजूद रहे।

इधर, आदित्यपुर के नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज के अकादमिक ब्लॉक के उद्घाटन के बाद केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का मुआयना किया। चिकित्सकों ने उनका अभिनंदन किया।


दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिग्री प्रदान करते केंद्रीय कपड़ा मंत्री।



सोमवार को दीक्षांत समारोह में पत्रिका का विमोचन करते केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह।